

## सावन का पहला सोमवार आज, पुलिस अलर्ट, सुविधाओं का दिखा टोटा

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर। श्रावण मास के पहले सोमवार तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में दर्शनार्थियों की अत्यधिक भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। नगर के सभी पार्किंग स्थलों, पहुंच मार्गों, मुख्य बाजारों, प्रमुख चौराहों से लेकर मंदिर परिसर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस और प्रशासन का बल तैनात है। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य भीड़ को सुव्यवस्थित तरीके से नियंत्रित कर एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है, ताकि देश भर से आने वाले शिवभक्तों को सुरक्षा के लिहाज से कोई असुविधा न हो। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्थाओं के इन व्यापक प्रबंधों के बीच ओंकारेश्वर में दर्शन के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है।**





सामान्य श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए जिस रैंप से होकर कतारबद्ध तरीके से जाना पड़ता है, वहां स्थिति बेहद कष्टदायक बनी हुई है। आम दिनों में या आधी भीड़ के समय भी भक्तों को इसी रैंप पर अपनी बारी के इंतजार में चार-चार घंटे तक खड़े रहने को मजबूर होना पड़ता है। ऐसे में श्रावण के सोमवार को उमड़ने वाली भारी भीड़ के दौरान यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है।

घंटों कतार में लगे रहने के दौरान सबसे बड़ी समस्या वॉशरूम का अभाव है। इस मूलभूत सुविधा के न होने के कारण कतार में लगे श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी और फजीहत का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, मंदिर परिसर की ओर जाने वाले पुराने बाजार क्षेत्र में भी भीड़ प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं की कोई उचित व्यवस्था नजर नहीं आती, जिससे आवाजाही में दिक्कतें आती हैं।

श्रद्धालुओं की इस परेशानी को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है कि स्थानीय प्रशासन और श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट केवल सुरक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि इन बुनियादी समस्याओं का तुरंत संज्ञान लें और इनका समाधान करें। दर्शन मार्ग और रैंप के आसपास तत्काल प्रभाव से पर्याप्त संख्या में साफ-सुथरे शौचालयों का निर्माण होना चाहिए। ओंकारेश्वर एक प्रमुख ज्योतिर्लिंग है, जहां दूर-दूर से लोग आस्था लेकर आते हैं। ऐसे में प्रशासन और ट्रस्ट की यह प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है कि वे व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें और भक्तों के लिए सुगम दर्शन के साथ-साथ पेयजल, छाया और अन्य जरूरी सुविधाएं भी सुनिश्चित करें।

## मैराथन दौड़ से हुआ खंडवा गौरव दिवस का आगाज



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की जयंती के उपलक्ष्य में जिले में मनाए जा रहे तीन दिवसीय खंडवा गौरव दिवस समारोह का रविवार को उत्साहपूर्ण शुभारंभ मैराथन दौड़ के साथ हुआ।

नगर निगम चौराहे से आयोजित मैराथन को महापौर अमृता अमर यादव और प्रभारी कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल, एसडीएम ऋषि कुमार सिंघई, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, पार्षद, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक और अन्य युवा उपस्थित रहे। महापौर यादव ने खंडवा गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन जिले की सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और महान कलाकार किशोर कुमार की स्मृतियों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से तीन दिवसीय कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

मैराथन के बाद युवाओं ने जोश और उत्साह के साथ जुंबा डांस में भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया। 2 से 4 अगस्त तक आयोजित होने वाले खंडवा गौरव दिवस के अंतर्गत सांस्कृतिक, खेल एवं सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

## नशामुक्त युवा संकल्प अभियान का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज़**

**छैगांव माखन।** जनपद पंचायत भवन छैगांव माखन में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं को प्रधानमंत्री के साथ अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं को जीवन में कभी नशा न करने और समाज को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान देने का दृढ़ संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थी परिषद के पूर्व ब्लॉक संयोजक रविराज सिंह चौहान, रूपेश मोरे, स्वयंसेवक सावन पटेल और बड़ी संख्या में अन्य युवा साथियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## कांवड़ियों के लिए चार प्रमुख रास्तों पर सुरक्षा इंतजाम

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** श्रावण मास में ओंकारेश्वर पहुंचने वाले कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए खंडवा पुलिस ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। खंडवा-ओंकारेश्वर, हरसूद-मुंदी-ओंकारेश्वर, पिपलोद-खंडवा-ओंकारेश्वर तथा बुरहानपुर-पंधाना-छैगांवमाखन-ओंकारेश्वर मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।



डीएसपी यातायात अनिल कुमार राय ने एनएचएआई की टीम एवं संबंधित थाना प्रभारियों के साथ सभी प्रमुख मार्गों का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। पुलिस ने कांवड़ यात्रा संचालकों तथा होटल-ढाबा संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। संवेदनशील स्थानों पर स्थायी पुलिस प्वाइंट स्थापित किए गए हैं, जबकि दोपहिया और चारपहिया पेट्रोलिंग वाहनों की लगातार गश्त रहेगी। प्रत्येक कांवड़ यात्रा के साथ पुलिस बल तैनात किया गया है तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षा कार्ड भी वितरित किए जा रहे हैं।यात्रा के दौरान बेहतर समन्वय के लिए वायरलेस संचार प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। मार्ग में होटल एवं ढाबों पर जागरूकता संबंधी फ्लेक्स-बैनर लगाए गए हैं। प्रशासन द्वारा सड़क मरम्मत, पेयजल और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्रा मार्गों पर भारी वाहनों का डायवर्जन भी किया गया है। पुलिस एवं प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से शांति, अनुशासन और यातायात नियमों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है

## सेवानिवृत्ति पर मित्रों का मिलन, पुरानी यादें हुईं ताजा



**नवभारत न्यूज़**

**बीड़।** वरिष्ठ शिक्षक मोतीलाल यादव के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर रविवार को उनके मित्रों द्वारा मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी साथियों ने नवलपुरा पहुंचकर ग्रामीणों, छात्रों एवं छात्राओं के बीच आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और श्री यादव के सम्मान में उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में मित्रों ने अपने छात्र जीवन और सेवा काल की अनेक पुरानी यादें साझा कीं। साथ ही उन गुरुजनों को भी श्रद्धापूर्वक याद किया, जिनके मार्गदर्शन और संस्कारों ने उनके जीवन को दिशा दी। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ गुरु डीआर यादव से सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने श्री मोतीलाल यादव के स्वस्थ, सुखद एवं सफल सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

## राहुल गांधी की एआई तस्वीर पोस्ट करने कांग्रेसी नाराज

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की छवि खराब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर भ्रामक और एआई द्वारा निर्मित फर्जी तस्वीर प्रसारित करने वाले एक फेसबुक यूजर के खिलाफ शिकायत की। इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने पुलिस अधीक्षक खंडवा को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ मुनीष मिश्रा और



खंडवा जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) की अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, एक अज्ञात फेसबुक आईडी से राहुल गांधी की एक ऐसी तस्वीर और सामग्री साझा की गई है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा निर्मित और भ्रामक प्रतीत होती है। कांग्रेस का आरोप है कि इस कृत्य का मुख्य उद्देश्य नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की छवि को धूमिल करना, उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना तथा आम जनता के बीच भ्रम एवं भड़काऊ वातावरण उत्पन्न करना है। अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन में पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि उक्त फेसबुक आईडी और पोस्ट की गहन तकनीकी एवं विधिक जांच कराई जाए। पार्टी ने यह भी मांग की है कि संबंधित व्यक्ति को निर्देश दिए जाएं कि वह साझा की गई सामग्री की सत्यता का प्रमाण प्रस्तुत करे। यदि वह व्यक्ति अपनी पोस्ट की सत्यता प्रमाणित करने में विफल रहता है, तो उससे सार्वजनिक रूप से बिना शर्त क्षमा-याचना कराई जाए। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यदि संबंधित व्यक्ति माफी नहीं मांगता है, तो उसके विरुद्ध सुसंगत कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि कोई भी अन्य व्यक्ति एआई या अन्य माध्यमों का दुरुपयोग करके किसी भी व्यक्ति की छवि धूमिल करने का दुस्साहस न कर सके। पुलिस को साक्ष्य के तौर पर विवादित फेसबुक पोस्ट और फोटो के स्क्रीनशॉट भी संलग्न कर सौंपे गए हैं।

## बारिश से फसलें चौपट, मुआवजे की मांग तेज

**नवभारत न्यूज़**

**छैगांव माखन।** क्षेत्र में पिछले दिनों लगातारहुई मूसलाधार बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। सोयाबीन, कपास, मक्का सहित खरीफ की अधिकांश फसलें जलभराव और तेज बहाव के कारण बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई खेतों में फसलें जड़ों सहित उखड़ गई हैं, जबकि अनेक खेत पूरी तरह पानी में डूब गए हैं। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।



ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों बाद इतनी भीषण बारिश देखने को मिली है। किसानों ने बड़ी मेहनत और लागत लगाकर फसलों की बुवाई की थी, लेकिन लगातार बारिश से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। प्रभावित किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र सर्वे और राहत नहीं मिली तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। रसीदपुरा के किसान जयदीप सूर्यवंशी, छैगांव माखन के ओंकार सिंह चौहान सहित कई किसानों ने फसल बीमा कंपनी से संपर्क किया, लेकिन उन्हें पॉलिसी नंबर बताने के लिए कहा गया। किसानों का कहना है कि फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, ऐसे में नुकसान की स्थिति में सहायता मिलने को लेकर असमंजस बना हुआ है। रसीदपुरा सहित आसपास के किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर खराब हुई फसलों का सर्वे कराने, नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा एवं राहत राशि प्रदान करने की मांग की। किसानों ने शासन से शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की अपील की है।

## युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के साथ रविवार को जिले में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ। माय भारत संगठन द्वारा शासकीय रायचंद नागड़ा उत्कृष्ट विद्यालय सहित जिले के 10 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में युवा और छात्रों ने भाग लिया।

मुख्य कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर, जिला युवा अधिकारी पल्लवी दुबे एवं प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और समाज सेवा से जुड़ने का संदेश दिया। जिला युवा अधिकारी पल्लवी दुबे ने उपस्थित विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को माय भारत की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। जिले के सभी 10 कार्यक्रम स्थलों पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

आयोजकों ने बताया कि यह अभियान अगले 100 सप्ताह तक जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## सद्भावना मंच ने किशोर कुमार को दी गीतांजलि

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** त्रिदिवसीय किशोर गौरव दिवस का रविवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सद्भावना मंच द्वारा किशोर कुमार समाधि परिसर स्थित सद्भावना हॉल में कराओके पर गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित कर स्वर सम्राट किशोर कुमार को भावभीनी गीतांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम शाम 4 बजे शुरू हुआ और देर शाम तक चला, जिसमें शहर के कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।



मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि किशोर कुमार ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से खंडवा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। आज भी दुनिया भर में खंडवा को उनकी जन्मभूमि के रूप में जाना जाता है, जो शहरवासियों के लिए गर्व का विषय है। मंच के सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि प्रतिवर्ष 2 से 4 अगस्त तक आयोजित होने वाले किशोर गौरव दिवस के तहत सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाती है। कार्यक्रम में पीसी इंग्ले, ओम पिल्ले, केबी मनसारे, सुनील सोमानी, पंडित गोपाल भारद्वाज, अजय मंडलोई, डॉ. जगदीश चंद्र चौरे, अनूप शर्मा, अजीज शेख सहित बड़ी संख्या में कलाकार, संगीत प्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजया द्विवेदी ने किया।

## वन विभाग रोजगार मेले में 125 युवाओं को मिली नौकरी

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह की पहल पर रविवार को खालवा विकासखंड के वनग्राम आंवलिया स्थित जनजातीय उद्यमिता प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास केंद्र में वन विभाग द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मंत्री डॉ विजय शाह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक वासु कनौजिया, वन मंडल अधिकारी राकेश डामोर, प्रशिक्षु वनमंडलाधिकारी अजय गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।मंत्री डॉ विजय शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार



जनजातीय युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

वन मंडल अधिकारी राकेश डामोर ने बताया कि मेले में एलएंडटी, वेलस्पन, वर्धमान यार्न्स (मंडीदीप) और सागर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सहित प्रमुख उद्योगों ने भाग लिया। कुल 330 युवाओं ने सहभागिता की, जिनमें से एलएंडटी ने 30, वर्धमान यार्न्स ने 20, वेलस्पन ने 50 तथा सागर मैन्युफैक्चरिंग ने 25 युवाओं का चयन किया। इस प्रकार कुल 125 युवाओं को रोजगार के लिए चयनित किया गया।